Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **सिरोही में ग्राम विकास अधिकारी 2200 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *24 मई, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की सिरोही इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **परमार दिक्षित कुमार ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दांतराई, पं.स. रेवदर, जिला सिरोही** को परिवादी से **2200 रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की सिरोही इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसका राशन कार्ड बनवाने की एवज में परमार दिक्षित कुमार ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दांतराई, पं.स. रेवदर, जिला सिरोही द्वारा **2200 रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में एसीबी सिरोही इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओमप्रकाश चौधरी** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री कुयाराम** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी परमार दिक्षित कुमार ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दांतराई, पं.स. रेवदर, जिला सिरोही को परिवादी से **2200 रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**